आकाशवाणी चंडीगढ़

20 अप्रैल 2025, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने श्री धन्ना भगत के दिखाये मार्ग पर चलकर एक बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

- हरियाणा के जींद में देश के पहले हाइड्रोजन संयंत्र का निर्माण अगले दो महीनों में पूरा हो जायेगा।

- उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक वर्मा कहा है कि हाइड्रोजन से चलने वाली देश की पहली रेलगाड़ी का ट्रायल हाइड्रोजन संयंत्र का निर्माण पूरा होते ही किया जायेगा ।

- भारतीय जनता पार्टी ने वक़्फ संशोधन अधिनियम के लाभ बारे लोगों को जागरुक करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान शुरू किया।

- नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर चल रही साइक्लोथान ने अंबाला ज़िले में प्रवेश किया। युवाओं ने नशा न करने की शपथ ली।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धन्ना भगत जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री आज श्री धन्ना भगत जी की जयंती के अवसर पर उचाना के गाँव पालवां में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने लोगों से श्री धन्ना भगत के जीवन से सीख लेते हुए अपने बच्चों को शिक्षित करने और समाज से भेदभाव समाप्त कर भाईचारा बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा-

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर है और उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

दाड़न खाप द्वारा रखी गई मांगों पर मुख्यमंत्री ने कहा -

इस अवसर पर पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे श्री धन्ना भगत के जीवन के बारे में पाठ्यक्रम की पुस्तकों में जोड़ने का काम करें ताकि समाज, विशेष तौर पर भावी पीढ़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा मिले।

*************************************************************

हरियाणा के जींद में देश के पहले हाइड्रोजन गैस सयन्त्र का निर्माण कार्य अगले 2 महीने में पूरा हो जाएगा। इसके तुरंत बाद देश की हाइड्रोजन से चलने वाली पहली रेलगाड़ी जींद से सोनीपत के बीच दौड़ने लगेगी। जींद रेलवे स्टेशन और हाइड्रोजन संयंत्र का निरीक्षण करने आए उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने आकाशवाणी समाचार को बताया कि हाइड्रोजन संयंत्र का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा -

श्री वर्मा ने कहा कि हाइड्रोजन संयंत्र की सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाड़ी का निर्माण कार्य चेन्नई में चल रहा है। वह भी पूरा होने के कगार पर है। सयन्त्र का निर्माण कार्य पूरा होने

के बाद रेलगाड़ी का ट्रायल लिया जाएगा। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने बताया कि उन्होंने आज जींद रेलवे स्टेशन पर 17 कोच की वाशिंग लाइन को बढ़ाकर 23 कोच की करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वाशिंग लाइन के बड़ा होने से कई समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है। श्री वर्मा ने बताया कि जींद रेलवे जंक्शन के जीर्णोद्धार का कार्य भी अगस्त सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इसमें अब पैदल ऊपरगामी पुल का काम बकाया है और इसे जल्दी पूरा कर दिया जाएगा।  इससे प्लेटफार्म एक से दो पर आने जाने में आसानी होगी।

*****************************************************************

हरियाणा में आज देश भगत विश्वविद्यालय ने बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक फाउंडेशन ट्रस्ट को लोहगढ़ में बन रहे बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के लिए 11 लाख रुपये का योगदान दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ज़ोरा सिंह,  अध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक अरुण मलिक और सहायक प्रोफेसर डॉ. बलदीप सिंह द्वारा 11 लाख का यह चेक औपचारिक रूप से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल को सौंपा गया। फाउंडेशन ट्रस्ट के मार्गदर्शन में विकसित किए जा रहे इस स्मारक का उद्देश्य भारत में पहला संप्रभु सिख शासन स्थापित करने वाले एक श्रद्धेय सिख योद्धा और नेता बाबा बंदा सिंह बहादुर की बेजोड़ बहादुरी और बलिदान का सम्मान करना है। इस अवसर पर श्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना की और शिक्षा व सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. ज़ोरा सिंह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट इस भव्य स्मारक के विकास के माध्यम से इस प्रतिष्ठित ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान- 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' की आज शुरुआत की है। यह अभियान 5 मई तक चलेगा। इस अभियान के तहत, भाजपा नेता और कार्यकर्ता, मुस्लिम समुदाय के बीच जाएंगे और उन्हें संशोधित अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

जगत प्रकाश नड्डा ने इस महीने की दस तारीख को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में यह अभियान शुरू करने की घोषणा की थी। श्री नड्डा ने आरोप लगाया था कि विपक्षी नेता वोट बैंक की राजनीति के लिए संशोधित कानून के प्रावधानों को लेकर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

*****************************************************************

नशामुक्त हरियाणा का संदेश लेकर चल रही साइक्लोथॉन ने आज नारायणगढ़ उपमंडल से अंबाला जिले में प्रवेश किया।नारायणगढ़ की सीमा में पहुंचने पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों , शिक्षण संस्थानों, सरपंचों तथा पार्षदों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। इससे पहले साइक्लोथॉन को सुबह पंचकूला से उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने झंडी दिखाकर अम्बाला जिले के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों व युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बता कर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना है। साइक्लोथॉन का नेतृत्व कर रहे मादक पदार्थ नियंत्रण बोर्ड के उप नीरीक्षक डॉ अशोक कुमार ने बताया—

उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों का बहुत सहयोग मिल रहा है। हर जगह लोग लोटे में चुटकी नमक डालकर स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प ले रहे हैं।

*****************************************************************

नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष स्टील मैन व विश्व रिकॉर्ड धारी पहलवान बिजेंद्र सिंह ने आज भिवानी में 96वां शक्ति प्रदर्शन किया। पहलवान बिजेंद्र सिंह द्वारा आज एक स्वास्थ्य अकादमी की शुरुआत भी की गई। पहलवान ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 100 शक्ति प्रदर्शन पूरे करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने अपनी आंखों से 18 किलोग्राम वजन उठाने तथा 60

किलोग्राम भार तक के लोगों को दांतों से उठाकर झूला झुलाया। इस मौके पर नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बडगुज्जर ने कहा -

उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशे की चपेट में आकर अपने भविष्य को बर्बाद कर रहा है। ऐसे में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम उन्हे अपने स्वर्णिम भविष्य की ओर ब▯ऩे के लिए प्रेरित करते है।

**************************************************************